उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या- 55/2016/1518/92-2-2016-154जॉच/2015
लखनऊ :: दिनांक:: 26 सितम्बर, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद एवं परिमण्डल-देवीपाटन, गोण्डा के कार्यकाल में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-फैजाबाद के निर्माण कार्यो में अनियमितता एवं शिथिलता बरतने में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर श्री एम0के0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद एवं देवीपाटन, गोण्डा सम्प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-देवीपाटन, गोण्डा के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-7 के अंतर्गत आरोप-पत्र देकर अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु मुख्य अभियंता (प0क्षे0), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को पदेन जॉच अधिकारी नामित किये जाने की श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- जॉच अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि विधिवत जॉच कार्यवाही पूर्ण कर जॉच आख्या (दो प्रतियों में) एक माह में शासन में उपलब्ध करायें।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

महेश कुमार गुप्ता
प्रमुख सचिव।

संख्या-55/2016/1518(1)/92-2-2016 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2- जॉच अधिकारी/मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को अनुमोदित आरोप पत्र की संलग्नक सहित प्रति (दो प्रतियों में) इस आशय से प्रेषित कि आरोप पत्र में यथास्थान अपने हस्ताक्षर कर अपचारी अधिकारी को उपलब्ध कराते हुये प्राप्ति रसीद शासन में तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **(छायाप्रति संलग्न)**
3- मुख्य अभियंता (प0क्षे0) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4- श्री एम0के0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,परि0-फैजाबाद एवं देवीपाटन गोण्डा सम्प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रा0अ0वि0, परि0-देवीपाटन गोण्डा द्वारा- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- अनुसचिव, ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0पी0 सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in